<u>निबंधन एवं शर्तें (टीओआर)- परामर्शदाता/वरिष्ठ परामर्शदाता- मॉनीटरिंग और मूल्यांकन (एम एवं ई)</u>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसायटी के रूप में गई है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों पर भर्ती करने का इच्छुक है:-

पद का नाम	वरिष्ठ परामर्शदाता/परामर्शदाता-मॉनीटरिंग और मूल्यांकन (एम एवं ई)		
पदों का संख्या	2		
अवधि	एक वर्ष		
स्थान	नई दिल्ली		
पद का प्रकार	संविदा पर		
पद	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता	न्यूनतम अनुभव	परिश्रमिक
परामर्शदाता	सांख्यिकी/ स्वास्थ्य सांख्यिकी / जन स्वास्थ्य /इन्फोर्मेटिक्स / ऑपरेशन रिसर्च/ जनांकिकी/ जनसंख्या अध्ययन /अर्थशास्त्र/ सामाजिक विज्ञान/ मानव विज्ञान / विकास अध्ययन / जन स्वास्थ्य में यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता-प्राप्त संस्थान से मास्टर डिग्री	3 वर्ष अथवा इससे ज्यादा	60,000/- रुपए से 90,000/- रुपए प्रति माह
वरिष्ठ परामर्शदाता		7 वर्ष अथवा इससे ज्यादा	90,000/- रूपए से 1,20,000/- रुपए प्रति माह
आयुसीमा	दिनांक 24/01/2017 को अधिकतम आयु 45 वर्ष		
वांछित दक्षताएं	• कंप्यूटर का उच्च स्तरीय ज्ञान, विशेष रूप से - आम तैर पर प्रयुक्त होने वाली विंडोज, एमएस ऑफिस और सॉफ्टवेयर पॅकेजों की जानकारी होना। • डाटा एकत्रण, रिपोर्टों का विश्लेषण तथा इन्हें तैयार करने के लिए कार्यनीतियां एवं टूल बनाने का अनुभव। • डाटा ट्राईएंगुलेशन, निष्पादन, जैसे सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके डाटा विश्लेषण में निपुणता, निष्पादन, जन स्वास्थ्य, राज्य जनांकिकीय, जनसंख्या आदि की जानकारी। • बहु-विषयक दल युक्त परिवेश में कार्य करने की क्षमता। • तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों तथा जिलों में यात्रा करने का इच्छुक होना चाहिए तथा एक ही समय अलग-अलग कार्यों को निष्पादित करने की क्षमता होनी चाहिए ताकि सौंपे गए कार्य को नियत समय-सीमा में पूरा किया जा सके।		

	• केंद्र/राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
दायित्व एवं उत्तरदायित्व	• कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए विभागों (केंद्र, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और अन्य सम्मिलित हितधारक) से कार्यात्मक एवं तकनीकी अपेक्षाएं समझना तथा गुणवत्ता युक्त एवं मानक संकल्पना, दस्तावेज, डिजाइन दस्तावेज, प्रक्रिया प्रवाह दस्तावेज, कार्यान्वयन फ्रेम-वर्क, दिशानिर्देश तथा अपेक्षाओं संबंधी प्रयोक्ता निर्देशिका तैयार करना। • मौजूदा एमसीटीएस/आरसीएच प्रणालियां के साथ विश्लेषणात्मक फ्रेमवर्क को प्रचालित एवं एकीकृत करने के लिए सरकारी/मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करना। • एमसीएचएस/आरसीएच डाटा की गुणवत्ता की समीक्षा करने, चुनौतियां एवं कमियों को पहचानने तथा डाटा में गलतियां सुधारने के लिए राज्यों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा जिलों का समय-समय पर फील्ड दौरा करना। • डाटा रिपोर्टिंग प्रपत्र, डाटा की उपयोगिता एवं रिपोर्ट सहित एमसीटीएस/आरसीएच के विभिन्न पहलुओं के संबंध में राज्य तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना। • अपेक्षानुसार रिपोर्टो /डैश बोर्डो/ स्कोर कार्गो के संकेतक/टेम्पलैट तैयार करना। • गुणवत्ता मूल्यांकन /सामुदायिक मानीटरन एवं डाटा ट्राइएंग्यूलेशन तथा प्रबंधन प्रक्रियाओं के मानीटर के लिए एमसीटीएस/आरसीएच प्रणालियों को क्रियान्वित करने में सहायाता करना। • फील्ड स्तर पर विभिन्न आरएमएनसीएच+ए कार्यक्रमों के प्रभाव एवं कार्यान्वयन मूल्यांकन के लिए एमसीटीएस/आरसीएच पोर्टल एवं अन्य मानक स्रोतों से डाटा का विश्लेषण और कमियों की पहचान करना तथा मानीटरिंग एवं मूल्यांकन के संदिग्ध विषयों की पहचान करना। • रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौपें गए अन्य कार्यों को निष्पादित करना। • एमसीटीएस/आरसीएच एप्लीकेशन के लिए अनमोल, किलकारी, मोबाइल, आरसीएच सिटीजन पोर्टल तथा अन्य एप्लीकेशनों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना, समीक्षा करना और कार्यान्वयन हेतु सहायता प्रदान करना।
अन्य शर्तें एवं निबंधन	• त्यागपत्र देने पर अभ्यर्थी को एक माह का नोटिस दिया जाना चाहिए। • परियोजना के लिए भारत में कहीं भी यात्रा करने के लिए तैयार होना चाहिए।

आवेदन कैसे करें: कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई.मेल mcts.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **24-Jan-2017** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित ToR **के साथ संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोट:

- कृपया आवेदन पत्र में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, मौजूदा तथा विगत रोजगार संबंधी ब्यौरा (दिनांक –माह-वर्ष प्रपत्र में) देना अनिवार्य है जिसके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया आवेदित पद के संबंधित विषय (ई-मेल में) पर सही उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- अर्हता के उपरांत प्राप्त अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।